प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 28.02.2026 (सुबह – 0830 बजे)
मुख्य समाचार

1. **राज्य में हुए नगर निकायों के चुनाव के परिणाम घोषित, 48 में से 22 सीटों पर महिलाओं ने जमाया कब्जा।**
2. **देशभर में आज से चलेगा सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ टीकाकरण अभियान, झारखंड में स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी करेंगे इस मुहिम की शुभारंभ।**
3. **चतरा विमान हादसे पर आरोप–प्रत्यारोप का दौर जारी, मंत्री ने एयर एंबुलेंस योजना का किया बचाव, नेता प्रतिपक्ष ने की सुरक्षा मानकों की पूरी जानकारी सार्वजनिक करने की मांग।**
4. **राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर राज्यभर के शिक्षण संस्थानों में आज विकसित भारत थीम पर होगा कार्यक्रमों का आयोजन; रांची के आंचलिक विज्ञान केंद्र में सजेगी प्रदर्शनी।**
5. **रांची में आयोजित कोल इंडिया टी–20 क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल आज, सीसीएल और एसीएल के बीच होगी खिताबी भिड़ंत।**

****

राज्य में नगर निकाय चुनाव के सभी परिणाम घोषित कर दिए गए हैं, जिसमें नारी शक्ति का दबदबा देखने को मिला है। राज्य की कुल 48 सीटों में से 22 सीटों पर महिला उम्मीदवारों ने शानदार जीत दर्ज कर अपना परचम लहराया है। रांची में भाजपा समर्थित प्रत्याशी रौशनी खलखो ने नगर निगम चुनाव में शानदार जीत दर्ज की है। उन्होंने अपनी निकटतम प्रतिद्वंद्वी और कांग्रेस समर्थित रमा खलखो को 14 हजार 363 मतों के अंतर से पराजित किया है। जीत के बाद उन्होंने राजधानी के विकास और स्मार्ट सिटी विजन को प्राथमिकता देने का संकल्प दोहराया है।

****

गिरिडीह नगर निगम में मेयर पद के चुनाव में झामुमो समर्थित प्रमिला मेहरा ने भाजपा के डॉ. शैलेंद्र चौधरी को 14 हजार 599 मतों के भारी अंतर से शिकस्त दी है। निर्वाचित मेयर ने अपनी जीत का श्रेय जनता को देते हुए गिरिडीह के समग्र विकास का वादा किया है।

****

जमशेदपुर के मानगो नगर निगम में कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी सुधा गुप्ता ने अपनी निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा समर्थित संध्या सिंह को 17 हजार 364 मतों के भारी अंतर से पराजित किया है।

****

चाईबासा नगर परिषद में कड़े मुकाबले के बीच झामुमो समर्थित नितिन प्रकाश ने 504 मतों से जीत हासिल की है। वहीं, चक्रधरपुर में भी झामुमो का दबदबा रहा, जहां सन्नी उरांव ने अपने प्रतिद्वंद्वी को 1 हजार 165 मतों के अंतर से शिकस्त दी।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज राजस्थान के अजमेर में 14 वर्ष तक की आयु की बालिकाओं के लिए राष्ट्रव्यापी ह्यूमन पैपिलोमावायरस–एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। इस कार्यक्रम का लक्ष्य प्रतिवर्ष सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 14 वर्ष तक की लगभग एक करोड़ 15 लाख बालिकाओं का टीकाकरण करना है। यह टीका सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा।

झारखंड में इस अभियान की शुरुआत स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी करेंगे। इस सिलसिले में रांची के सदर अस्पताल में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

****

चतरा विमान हादसे पर आरोप–प्रत्यारोप का दौर जारी है। शहरी विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने मुख्यमंत्री एयर एंबुलेंस योजना का बचाव किया है। उन्होंने भाजपा पर आपदा में राजनीति करने का आरोप लगाया है।

साउंड बाइट – सुदिव्य कुमार ऑन एयर एंबुलेंस – 21 सेकेंड

पलटवार करते हुए नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने साल 2023 से चल रही इस योजना के चयन और सुरक्षा मानकों की पूरी जानकारी सार्वजनिक करने की मांग की है।

****

मुख्य आर्थिक सलाहकार अनंत नागेश्वरन ने कहा है कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद देश का आर्थिक प्रदर्शन मजबूत रहा है। नई दिल्ली में सकल घरेलू उत्पााद–जीडीपी के नवीनतम आंकड़ों के बारे में उन्होंने आज कहा कि पिछले लगातार तीन वर्षों में सात प्रतिशत से अधिक की वास्तविक जीडीपी वृद्धि अर्थव्यवस्था की व्यापक मजबूती दर्शाती है।

इस अवसर पर सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के सचिव सौरभ गर्ग ने कहा कि अर्थव्यवस्था के आंकड़ों में सटीकता लाने के लिए आधार वर्ष में 9वीं बार संशोधन किया गया है। उन्होंने बताया कि यह बदलाव नए डेटा स्रोतों और आधुनिक कार्यप्रणाली पर आधारित है। इससे देश की आर्थिक प्रगति और जीडीपी गणना में होने वाले संरचनात्मक परिवर्तनों को अधिक स्पष्टता के साथ दर्शाया जा सकेगा।

****

राज्यभर में आज राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर राजधानी रांची के आंचलिक विज्ञान केंद्र में विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें स्कूली बच्चे अपने वैज्ञानिक मॉडलों का प्रदर्शन करेंगे। राज्यभर में शिक्षण संस्थानों में व्याख्यान और प्रतियोगिताओं के जरिए छात्र–छात्राओं को वैज्ञानिक नवाचार के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

****

झारखंड में आज मौसम मुख्य रूप से साफ और शुष्क है। राज्य के अधिकांश हिस्सों में तापमान में बढ़ोतरी देखी जा रही है। मौसम विभाग ने तामपान में बढ़ोतरी की आशंका व्यक्त करते हुए कहा है कि लोगों को दिन में हल्की गर्मी का अहसास होगा।

****

राजधानी रांची में आज कोल इंडिया टी–20 क्रिकेट टूर्नामेंट का रोमांचक समापन होने जा रहा है। खिताबी भिड़ंत में मेजबान सीसीएल और एसीएल की टीमें आमने–सामने होंगी। दोनों ही टीमें टूर्नामेंट में अब तक अजेय रही हैं, जिससे आज एक कड़ा और दिलचस्प मुकाबला होने की उम्मीद है।

****

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने नगर निकाय चुनाव के परिणाम की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– कई नगर निगमों में भाजपा–कांग्रेस समर्थित प्रत्याशियों में सीधी टक्टर हुई, परिषद व पंचायत में बिना समर्थित का दबदबा रहा।

हिन्दुस्तान के शब्द हैं– हवाईनगर में पहुंचा जंगली हाथी, पांच घंटे तक दहशत में रहे लोग।

प्रभात खबर लिखता है– हाईकोर्ट– जब्त कार नहीं छोड़ने पर हुआ नाराज, थाना प्रभारी को जेल भेजने की दी चेतावनी।

दैनिक जागरण के अनुसार, प्लॉट के व्यावसायिक उपयोग को लेकर धौनी को नोटिस।

****